# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष - 27 | अप्रैल-I-2025 | अंक - 01 | माउण्ट आबू | Rs.-12


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'दादी प्रकाशमणि विजडम पार्क' का किया शुभारंभ...

## 'नवसृजन शो' लोगों के जीवन में लाएगा आध्यात्मिक प्रकाश: लोकसभा अध्यक्ष




**आबू रोड-राज.। राजस्थान का पहला और एकमात्र नवसृजन एक्वा लेजर शो समाज सेवा के लिए किया समर्पित। इसका शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रिबन काटकर और शिवलिंग पर रुद्राभिषेक कर किया। इसके पूर्व उन्होंने थ्री.डी. फिल्म देखी और स्टूडियो में इंटरव्यू दिया। समारोह के बाद दर्शक दीर्घा में बैठकर ब्रह्माकुमारीज़ के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के जीवन पर बना नवसृजन वॉटर लेजर शो देखा।** समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जब हम भगवान शिव की पूजा, अभिषेक करते हैं तो हमें एक तरह की आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। भगवान शिव हमारे ज्ञान, योगबल और दृष्टिकोण को नई दिशा देते हैं। आज का यह आयोजन पुरातनता और वैज्ञानिकता का अद्‌भुत संगम है। दादी प्रकाशमणि ने करोड़ों लोगों के जीवन में प्रकाश, वात्सल्य और प्रेम से भर दिया। सात्विक ज्ञान और शांति दी। आज उनके नाम से बना यह दादी प्रकाशमणि विजडम पार्क और नवसृजन शो लोगों के जीवन में आध्यात्मिक प्रकाश देगा। आज महाशिवरात्रि पर हम सभी संकल्प लें कि सामाजिक जीवन के अन्दर बुराइयों को समाप्त करेंगे। आध्यात्मिक ऊर्जा और ज्ञान से जो प्रकाश हमें मिला है उसे समाज के बदलाव के लिए लगाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि शिव बाबा की कृपा से आज देश में ब्रह्माकुमारीज़ के भाई-बहन सामाजिक जीवन में प्रकाश फैलाकर करोड़ों लोगों का जीवन संवार रहे हैं, यह प्रकाश व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा भी देता है। केवल आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश ही नहीं बल्कि सामाजिक जीवन में बदलाव करने, समाज की बुराइयों को समाप्त करने और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहे हैं। सिर्फ देश ही नहीं पूरे विश्व में कर रहे हैं। जालौर,सिरोही के सांसद लुंबाराम चौधरी ने जालौर-सिरोही की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और देश-विदेश से आए ब्रह्माकुमार भाई-बहनों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी ने कहा कि यह पी.एम. पार्क और वॉटर लेजर शो से अनेक लोगों को शिव का संदेश मिलेगा। संस्था के अतिरिक्त महासचिव डॉ. ब्र.कु. मृत्युंजय ने कहा कि आज हम सभी के बीच लोकसभा अध्यक्ष को पाकर सभी बहुत प्रसन्न हुए। इस शो के पीछे यही मकसद है कि लोग आध्यात्मिक ज्ञान के साथ ब्रह्मा बाबा के तपस्वी जीवन को जान सकें, समझ सकें। महोत्सव में राजस्थानी लोक नृत्य के साथ कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राजस्थानी पगड़ी और शॉल ओढ़ाकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सम्मान किया गया। साथ ही नवसृजन शो बनाने वाले डायरेक्टर और उनकी पूरी टीम का पगड़ी पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। संचालन ब्र.कु. शिविका बहन एवं जयपुर की ब्र.कु. चंद्रकला बहन ने किया।

**हर क्षेत्र में कार्य कर रही है संस्था:** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ ने अनेकानेक अभियान चलाया जिसमें से करोडों पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, गांव-गांव जाकर नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। चाहे ग्रामीण विकास हो, आपदा हो, महिला सशक्तिकरण हो ऐसे कई विषयों पर सामाजिक परिवर्तन के लिए केवल भारत ही नहीं पूरे विश्व में ब्र.कु. भाई-बहनें सेवा में जुटे हैं। शिवबाबा की प्रेरणा से आज करोड़ों भाई-बहन सामाजिक जीवन के साथ लोगों को सामाजिक नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। जब सामाजिक जीवन में विसंगति आ जाती है तो उस समय आध्यात्मिक ऊर्जा, संस्कृति और संस्कार ही जोड़ने का कार्य करते हैं।

## जीवन में स्वयं, परिवार और काम इस क्रम में जीने से खुशी बनी रहेगी: ब्र.कु. शिवानी

**कोलकाता-पश्चिम बंगाल।** संगीत कला मंदिर की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर कला मंदिर में आयोजित 'कर्म ही मेरी सुरक्षा है' कार्यक्रम में ब्र.कु. शिवानी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि हमारे पिछले और वर्तमान अनुभव के कार्य भविष्य का आकार लेते हैं। हर विचार, शब्द और क्रिया ऊर्जा पैदा करती है जो अंततः हमारे पास लौटती है। अगर हम शुद्ध, सकारात्मक कर्म करते हैं तो हम स्वाभाविक रूप से अपने जीवन में सुरक्षा और शान्ति को आकर्षित करते हैं। अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को दोष देने के बजाए हमें अपने कर्मों की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर हम चुनौतियों का सामना करते हैं तो यह पिछले कर्मों के हिसाब-किताब को स्वीकार करें और समझदारी से उसे निपटाने के अवसर में बदलें। ब्रह्माकुमारीज़ पूर्वी क्षेत्र की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. कानन,कोलकाता ने सभी से जीवन में आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रेष्ठ कर्म करने को कहा। इस अवसर पर संगीत कला मंदिर के अध्यक्ष देवेन्द्र मंत्री भी उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारीज़ कोलकाता संग्रहालय द्वारा 'धोनो-धन्या' ऑडिटोरियम में 'माइंडसेट मैटर्स-ट्रांसफॉर्म चैलेंजेस इन टू ऑपर्च्युनिटीज' विषय पर शिवानी ने बताया कि सभी परिस्थितियों में सकारात्मक दृष्टिकोण रखने से आंतरिक शक्ति बढ़ती है। राजयोग मेडिटेशन हमारी आत्मा और शरीर दोनों को रिचार्ज करता है जिससे हम तरोताज़ा और ऊर्जावान महसूस करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विचारों, संस्कारों और कार्यों के आधार पर हमारी भलाई को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है क्योंकि ये खुशी के लिए महत्वपूर्ण है। खुश रहने के लिए कभी भी यह न कहें कि 'मेरे पास समय नहीं है' या 'मैं बहुत व्यस्त हूँ।' ऐसे विचार खुशी को कम करते हैं। काम, परिवार और स्वयं को प्राथमिकता देने के बजाए व्यक्ति को उसी क्रम में स्वयं, परिवार और काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दीदी ने आगे बताया कि कलियुग में आत्माएं कमज़ोर हो गई हैं और शान्ति, प्रेम और खुशी की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि शिव बाबा के हर केंद्र में ऐसे शक्तिशाली कंपन हैं जो आत्माओं को प्रेरित और स्वस्थ कर सकते हैं और राजयोग ध्यान परमात्मा के स्मरण के माध्यम से कोई भी व्यक्ति खुद को सशक्त बना सकता है। अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण पा सकता है। मूल्यों, आध्यात्मिकता के आधार से बुराइयों से भी मुक्ति पा सकता है। पश्चिम बंगाल के राज्य मंत्री दिलीप मंडल ने समाज के लिए इतनी अच्छी सेवा करने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ को बधाई दी और कहा कि जब भी धार्मिकता में गिरावट आती है तब भगवान संतुलन बनाने के लिए पृथ्वी पर अवतार लेते हैं और मैं महसूस करता हूँ कि यह वह स्थान है। यहां निःस्वार्थ सेवा और एकता का अनुभव होता है। यह वह स्थान है जहाँ सभी को मन की शान्ति मिलेगी। पंचायत प्रधान भारती दास ने कहा कि इस अनुभव को व्यक्त करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं। यह मेरी कल्पना से परे है कि ऐसी सुंदर जगह है जहाँ कोई शान्ति, खुशी और पवित्रता महसूस कर सकता है। ग्लोबल एनलाइटनमेंट रिट्रीट सेंटर कोलकाता 'महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवध्वज फहराया और सभी ने दिव्य प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में 500 वी.आई.पी. सहित 2000 ब्रह्मावत्स तथा शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

